तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार,17 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 जुलाई 2023 से 2 सितंबर 2023 के दौरान आरोपी राजेश कुमार ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपरधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाइकिल साइलेंसर लगाने वाला काबू

**अंबाला।** थाना बराड़ा एरिया के महाराणा प्रताप चौक के पास से पुलिस ने आरोपी नसीम मियां उर्फ मंगल काबू किया है। 15 दिसंबर 2023 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर बदलने का कार्य करते है मानव जीवन को खतरे में डाल रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी नसीम के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे काबू कर लिया।

### मारपीट-तोड़फोड़ करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर में दर्ज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण को गिरफ्तार किया है। न्यू विवेक विहार के जसपाल सिंह ने 25 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 अगस्त 2023 को आरोपी कर्ण व अन्य ने उसके लड़के से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरों ने घर से 27 हजार रुपये व गहने उड़ाए

**यमुनानगर।** शहर की लेबर कॉलोनी में चोरों ने घर में घुसकर 27 हजार की नकदी, गहने व सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य रात को घर पर ही सोये हुए थे। लेबर कॉलोनी निवासी जरनैल सिंह की शिकायत पर गांधी नगर पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत ।** सीआईए टू पुलिस टीम ने बरसत रोड पर पेट्रोल पंप के पास प्रकाश नगर तहसील कैंप निवासी रामू सरोज पर बर्फ तोडने वाले सुआ से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गांव बिचपड़ी में अड्डा से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सौरभ उर्फ सिंगा निवासी बिचपड़ी के रूप में हुई है।

### परिषद के अधिवेशन को लेकर बैठक आज

**पानीपत ।** भारत विकास परिषद का क्षेत्रीय अधिवेशन 24 दिसम्बर को होगा। क्षेत्रीय सम्मेलन मीडिया प्रमुख सुरेश रावल ने बताया कि इस अधिवेशन के विषय में एक बैठक 17 दिसम्बर को सेवा साधाना केन्द्र पट्टीकल्याणा में होनी है।



# ब्रह्मसरोवर के घाटों पर दिख रही लोक संस्कृति की झलक

### लोक संस्कृति का आनन्द लेने के लिए ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देश के कोने-कोने से पर्यटक पंहुच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर देश की लोक संस्कृति का महाकुम्भ देखने को मिला। इस लोक संस्कृति के महाकुम्भ में जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, छतीसगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, वेस्ट बंगाल, असम, राजस्थान, उतराखंड के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इन कलाकारों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला क्षेत्र पटियाला की तरफ से आमंत्रित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सरस और शिल्प मेले में शिल्प कलाओं के साथ-साथ देश की लोक संस्कृति को देखने का एक बार फिर सुनहरी अवसर पर्यटकों को मिला है। इस वर्ष महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के साथ-साथ लोक संस्कृति का आनन्द लेने के लिये ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देश के कोने-कोने से पर्यटक पंहुच रहे हैं। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। एनजेडसीसी की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इन तमाम राज्यों के कलाकार अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति से सबका मन मोह रहे हैं। महोत्सव के एक मंच पर देश के अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति को देखना हर कोई अपना सौभाग्य मान रहा है। यह कलाकार भी दर्शकों के हुजूम और उत्साह को देखकर मदमस्त होकर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इन कलाकारों के नृत्य के साथ देखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भी अपने पांव को रोक नही पाता है और इन कलाकारों के साथ ही झूमने पर मजबूर हो जाता है। इस वर्ष भी महोत्सव में बेहतरीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है ।



### प्राकृतिक अगरबती की महक से सुगंधित हुआ महोत्सव

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भारत के कोने-कोने से आए शिल्पकारों की शिल्पकला व कलाकारों के लोक नृत्य ने एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया है। इन शिल्पकारों व कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी शिल्प व नृत्य कला को बड़े ही अनोखे ढंग से पर्यटकों के सामने रखा जा रहा है। कोई कश्मीर की वादियों से वहां के पारंपरिक वस्त्र लेकर आया है, तो कोई पंजाब की फुलकारी, कहीं राजस्थान की मिठाई सजी है तो कहीं असम का पारम्परिक परिधान खेंजा। इन सभी के बीच हर घर-मंदिर को सुंगधित करने वाली अगरबती भी अपनी महक महोत्सव में बिखेर रही है।



### वेल्वेट व सिल्क के कपड़े पर बनी पेंटिंग्स कर रही आकर्षित

जब हम कहीं घूमने जाते है तो सबसे पहले वहां पर हमें कोई सुंदर दृश्य व जगह को देखकर उसको अपने मोबाईल में कैद करने का मन करता है। मन में सबसे पहले एक ही ख्याल आता है कि हम इसे अपने फोन में कैप्चर कर लें। अत्यधिक आधुनिकता के कारण हम हाथों से बनी चित्रकला को भूलते ही जा रहे है। इसी प्रकार महोत्सव में स्टॉल नंबर 93 पर श्रीसक्षम सोसाइटी के अध्यक्ष नंदकिशोर ने अपनी चित्र कला की शिल्पकारी के द्वारा महोत्सव में आने वाले पर्यटकों के मन को मोहने का काम कर रहे है। शिल्पकार ने बातचीत करते हुए कहा कि उनके पास वेल्वेट, सूती व सिल्क के कपड़े पर बनी पेंटिंग्स मौजूद है। इसके अलावा मैटल वर्क जिसे इंबोच करना कहते हैं, मीनाकारी जो कॉपर के मैटल पर बनती है, सिल्क फॉयल पर मैटल वर्क भी शामिल है। इसके अलावा आभूषण, वुडन वर्क, क्रोशिया, एंब्रॉयडरी भी शामिल है। साथ ही ये ग्राहकों के ऑर्डर के मुताबिक भी काम करते हैं। ये सब काम हाथ से किया जाता है। इनके पास 650 रुपए से लेकर 1 लाख तक की पेंटिंग्स है। इससे पहले वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केरला के कोजिकॉट, गोवा, दक्षिण भारत, दिल्ली इत्यादि में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। श्री सक्षम सोसाइटी के अध्यक्ष नंद किशोर जी महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को मुफ्त में कौशल सिखाते हैं। जिसके लिए स्वाधीनता दिवस समारोह-2023 पर उन्हें हस्त शिल्पियों के उत्पादों के विपणन हेतु उचित प्लेटफॉर्म एवं सहायता प्रदान करने हेतु के फलस्वरूप जिला प्रशासन उदयपुर राजस्थान के द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।



## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में आज शुरू होंगे मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए केडीबी की तरफ से मुख्य मंच को सजा दिया गया
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहले दिन एनजेडसीसी की तरफ से दिल्ली श्री राम भारतीय कला केंद्र का डांस ड्रामा की प्रस्तुति होगी

बॉलीवुड की प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में 20 दिसंबर को कला एवं सांस्कृतिक विभाग की तरफ से अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देंगी। इस फिल्म अभिनेत्री के साथ-साथ महाभारत सीरियल में कृष्ण की भूमिका अदा करने वाले प्रसिद्ध कलाकार नितिश भारद्वाज 23 दिसंबर को अपनी यादगार प्रस्तुति देकर पर्यटकों का मन मोहने का काम करेंगे। अहम पहलु यह है कि महोत्सव 2023 के मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज 17 दिसंबर से ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में होने जा रहा है। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए केडीबी की तरफ से मुख्य मंच को सजा दिया गया है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि 17 दिसंबर को सायं 6 बजे से पुरुषोत्तमपुरा बाग में सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज होगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहले दिन एनजेडसीसी की तरफ से दिल्ली श्री राम भारतीय कला केंद्र का डांस ड्रामा की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 18 दिसंबर को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से प्रसिद्ध कलाकार सुमित्रा गुहा और वीना मेहता द्वारा डांस ड्रामा, 19 दिसंबर को एनजैडसीसी की तरफ से मोरा लाला ग्रुप द्वारा कबीर गायन और विधि शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, 20 दिसंबर को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री और उनके गुरप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, 21 दिसंबर को कुवि और कला एवं सांस्कृतिक विभाग की तरफ से महावीर गुड्डू और गजेन्द्र फौगाट नाईट का आयोजन होगा, 22 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पार्टनर स्टेट असम के ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। 23 दिसंबर को प्रसिद्ध कलाकार फिल्म अभिनेता महाभारत में श्रीकृष्ण की भूमिका अदा करने वाले नितीश भारद्वाज अपनी प्रस्तुति देंगे। इस महोत्सव में एनजैडसीसी की तरफ से नलनी व कमलनी द्वारा मीरा पर डांस ड्रामा और तृप्ति शाक्य द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। पुरुषोत्तमपुरा बाग में ही मुख्य मंच पर दोपहर के समय 2 बजे से लेकर 4 बजे तक कलाकार कशिश मित्तल द्वारा सेमि क्लासिकल म्यूजिक की प्रस्तुति होगी, 19 दिसंबर को खाटू श्याम समिति द्वारा भजन प्रस्तुति, 20 दिसंबर को रंजु प्रसाद ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, 21 दिसंबर को आर्ट ऑफ लिविंग, 22 दिसंबर को पुरुषोत्तमपुरा बाग ब्रह्मसरोवर पर संत सम्मेलन होगा, 24 दिसंबर को दोपहर के समय देव सक्सेना द्वारा मीरा डांस ड्रामा की प्रस्तुति होगी।



जानकारी देते केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल।

### 1 लाख 48 हजार लोगों ने किया विजिट

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के यादगार लम्हों को देश विदेश के लोग अपने जहन में संजोने लगे है। इस महोत्सव के सरस, क्राफ्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और प्रशासन की सोशल साईटस पर 25 लाख लोग देख चुके है। इस आंकडे में फेसबुक के 18 लाख 50 हजार और इंस्टाग्राम पर लगभग 6 लाख लोग शामिल है। अहम पहलु यह है कि महोत्सव की वैड साईट इन्टरनेशनलगीतामहोतत्सवडॉटइन की वीडियों पर 1 लाख 80 हजार लोगों ने अपने व्यूज भी दिए है। अहम पहलु यह है कि भारत के विभिन्न राज्यों से 5 लाख 35 हजार 350, अमेरिका से 95 हजार 992, कनाडा से 16 हजार 244 लोगों ने प्रशासन की साईट पर हिट किया है। नगराधीश हरप्रीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 देश दुनिया के लिए एक विशेष महोत्सव के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।



### स्वच्छता पर है केडीबी का विशेष फोकस

अतिरिक्त उपायुक्त एवं सीईओ केडीबी अखिल पिलानी ने कहा कि अंतर्राष्टद्धरीय गीता महोत्सव 2023 की स्वच्छता पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा विशेष फोकस रखा जा रहा है। इस महोत्सव को स्वच्छ बनाने के लिए दिन रात स्वच्छता सेवक कार्य कर रहे है। इस कार्य के लिए अतिरिक्त स्वच्छता सेवकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार अंतर्राष्टद्धरीय गीता महोत्सव की स्वच्छता पर विशेष फोकस रखा जा रहा है। इस महोत्सव के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई है। यह स्वच्छता सेवक दिन रात सफाई का कार्य कर रहे है। केडीबी की तरफ से जगह-जगह डस्टबीन रखे गए है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि कूडे कर्कट को डस्टबीन में डालकर महोत्सव को स्वच्छ बनाने का प्रयास करें।



## फेक इंस्टाग्राम आईडी से अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

थाना साइबर की टीम द्वारा निरीक्षक संजीव मालिक व एएसआई मुकेश की अध्यक्षता में फोटो और वीडियो एडिट करके फेक इंस्टाग्राम आईडी से वायरल करने और पैसों की डिमांड करने वाले आरोपी हर्ष केसरी पुत्र राजेश केसरी वासी भोला कॉलोनी, ईदगाह रोड दल्लि ईस्ट को दल्लि से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में महिला शिकायतकर्ता निवासी सदर बाजार करनाल ने 22 नवंबर को शिकायत दी कि किसी व्यक्ति द्वारा उसके नाम से इंस्टाग्राम पर फेक अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो पर उसकी तस्वीर लगा कर शिकायकर्ता के पास भेज रहा है और शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की डिमांड कर रहा है। जब शिकायतकर्ता ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपी ने शिकायतकर्ता के फेक इंस्टाग्राम अकाउंट से उसकी फोटो और वीडियो एडिट करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना साइबर में मुकदमा नंबर 74 दर्ज किया गया था।

## गोशाला में मैनेजर लाखों का गबन करके फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अर्जुन गेट पर स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला में मैनेजर लाखों का गबन करके फरार हो गया। इस दौरान आरोपी ने करीब 7.43 लाख की चोरी व कर्मचारियों के साथ भी धोखाधड़ी की। आज गोशाला प्रधान ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।करनाल के मोती नगर निवासी नवीन शर्मा अगस्त 2017 से श्री राधा कृष्ण गोशाला में मैनेजर के पद पर तैनात है। गोशाला की देखरेख और हिसाब किताब मैनेजर के पास ही रहता है, उसी के पास लॉकर की चाबी रहती है। 13 नवंबर को नवीन शर्मा अचानक गोशाला से भाग गया। जो अपने साथ गोशाला की दो रसीद बुक भी लेकर गया है। गोशाला कमेटी ने खातों की जांच की, जिसमें गड़बड़ी पाई गई। कमेटी ने जांच की तो पता चला कि लॉकर में रखे 7 लाख 43 हजार 728 भी चोरी हैं, जो 13 नवंबर को ही गोशाला के लॉकर में रखे थे और चाबी मैनेजर के पास ही थी।

### आत्महत्या करने की दी थी धमकी

प्रधान कृष्ण लाल तनेजा ने बताया है कि जिस दिन आरोपी मैनेजर भागा, उस दिन उसने सचिव राम स्वरूप को फोन किया था और धमकी दी थी कि अगर उसके खिलाफ किसी ने भी कोई पुलिस कार्रवाई की तो वह कृष्ण लाल का नाम लेकर आत्महत्या कर लेगा। आशंका है कि आरोपी के पास अभी भी लाखों रुपए गोशाला का है।

गोशोला प्रधान कृष्ण लाल तनेजा ने बताया कि मैनेजर ने कर्मचारियों के साथ भी ठगी करके लाखों का गबन किया है। कमेटी ने आरोपी पर पैसे वापस करने का दबाव बनाया तो उसने दो लाख गोशाला में काम करने वाले वेटरनरी डॉ. अमित कुमार के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कहा कि ये पैसे गोशाला से निकाले हैं और आप इन पैसों को गोशाला में जमा करवा देना। डॉ.अमित द्वारा ये पैसे गोशाला में जमा करवा दिए गए, जिससे ये प्रमाणित होता है कि आरोपी ने गोशाला में गबन किया है।

### सड़कों पर दोपहर ग्यारह बजे तक वाहन रेंगते नजर आए

# घने कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, ठिठुरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में एक दिन पहले आसमान साफ रहने के बाद शनिवार को फिर घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से लोग मौसम में बढ़ी ठिठुरन से दोपहर तक घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह था कि शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर तक सड़कों पर धुंध की सफेद चादर छाई रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। धुंध ऐसी की दो फीट की दूरी पर भी सामने वाला दिखाई नहीं दिया। दोपहर 11 बजे तक घनी धुंध छाई रहने से जिले का अधिकतम तामपान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान मात्र सात डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिक ठंड होने की वजह से बुजुर्ग दोपहर तक रजाई में लिपटे रहे और बच्चों को घरों में बंद रखने पर मजबूर होना पड़ा। शनिवार सुबह जैसे ही लोग अपने कामधंधो पर जाने लगे तो उन्हें घनी धुंध का सामना करना पड़ा। धुंध अधिक पड़ने से जिले के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। सड़कों पर दोपहर ग्यारह बजे तक वाहन रेंगते नजर आए। वाहन चालकों ने सड़कों पर चलते समय लाईटें व इंडीगेटर आदि का प्रयोग किया। वाहन चालकों को एक किलोमीटर का सफर तय करने में करीब पंद्रह मिनट लगे। खासकर जिले के रादौर व जठलाना क्षेत्र में अधिक धुंध रही। इस दौरान लोगों ने निजी वाहनों की अपेक्षा बसों में ही अपने गंतव्य तक पहुंचना मुनासिब समझा।



### सब्जी की फसलों के लिए घनी धुंध नुक्सानदायक

सब्जी उत्पादक किसान सतीश कुमार, श्योराम, बलबीर सिंह, रोशन लाल, बिट्टू, प्रेमपाल व मंशाराम आदि का कहना है कि घनी धुंध यदि अगले कुछ दिन तक इसी तरह पड़ती रही तो उनकी आलू व सब्जी की अन्य फसलें बर्बाद हो जाएंगी। उनका कहना है कि अधिक धुंध पड़ना सब्जी की फसलों के लिए काफी नुक्सानदायक है। वहीं, कृषि वैज्ञानिकों ने सब्जी उत्पादकों को अधिक कोहरा पड़ने के दौरान सब्जी की फसलों में सप्ताह में दो बार सिंचाई करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने अधिक ठंड होना गेहूं की फसल के लिए वरदान बताया है।

### गिरा तापमान

शनिवार को घनी धुंध छाई रहने से मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपी काबू

### फर्जी दस्तावेज पर फर्म की आईडी बनाकर लाखों की ठगी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल, एक लेपटॉप व 2 लाख रुपये कैश बरामद किया था

जिला की थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्म के फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी वेबसाइट पर निर्यातक फर्म का रजिस्ट्रेशन कर 15.52 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के और दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहम्मद शकिल निवासी जामियानगर व अनुज निवासी सौरभ नगर दिल्ली के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल, एक लेपटॉप व 2 लाख रूपए कैश बरामद किया था। इसके अतिरिक्त आरोपियों के कब्जे से करीब 48 लाख रूपए कीमत का सोना व 18 लाख रुपये कैश बरामद कर 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस में लिया गया था। पुलिस ने पूछताछ व उक्त उपकरण, सोना व कैश बरामद कर पांचो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया था। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था।

पांचों आरोपियों ने पूछताछ में मोहम्मद शकिल निवासी जामियानगर व अनुज निवासी सौरभ नगर दिल्ली व अन्य कई साथियों के साथ मिलकर ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था।



पानीपत। :फर्जी फर्म बनाकर ठगी करने के आरोपियों के साथ पुलिस टीम ।

**खबर संक्षेप**

### अक्षत कलश को मंत्रों के साथ किया गया स्थापित

**करनाल।** श्री राम मंदिर अयोध्या धाम से अक्षत कलश शिव कलोनी श्री वैष्णो देवी मंदिर माता चौक मे मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया। वश्वि हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अनिल चौहान ने कहा कि 500 वर्षो के सघर्ष के पश्चात श्री राम जी के भव्य मंदिर का नर्मािण हुआ और कई वर्षों के पश्चात श्री राम ललाजी टैंट से 22जनवरी 2024 को प्राण प्रतष्ठिा से मंदिर मे विराजमान किये जायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला सम्पर्क प्रमुख धनेश डिमरी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को हर घर मे 5 दिये जलाकर दिवाली मनाये। इस मौके पर वीर सावरकर शाखा के कार्यवाह अशोक कुमार, विकास , हरीश , अभिषेक और माधव नगर के नगर कार्यवाह भारत भूषण उपस्थित रहे। श्री वैष्णो देवी मंदिर जी के प्रधान सविनय कुमार सिंहा , मोहन शर्मा , अशोक वधावन ,सुखबीर का सहयोग रहा।

### बैंक कर्मियों को बंधक बनाने का आरोप

**तरावड़ी।** दिल्ली-चंडीगढ़ नैशनल हाईवे पर स्थित गांव शामगढ़ में पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर समेत पूरी टीम के कर्मचारियों को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक तरावड़ी अनाज मंडी स्थित पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर सुधीर वर्मा अपनी टीम के साथ गांव शामगढ़ में बैंक उपभोक्ता अशोक के घर लोन रिकवरी के मामले में गए थे, लेकिन उन्हें वहां पर परिजनों की ओर से बंधक बनाए जाने का आरोप हैं। सूचना मिलने के बाद डॉयल 112 और तरावड़ी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### दिव्यांग मेडिकल शिविर में 65 ने भाग लिया

**करनाल।** समग्र शिक्षा की चेयरपर्सन एवं अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के मेडिकल परीक्षण के लिए स्थानीय नागरिक हस्पताल में चल रहे दिव्यांग मेडिकल शिविर के पांचवे दिन खंड घरौंडा के 65 बच्चों ने भाग लिया। समग्र शिक्षा की जिला परियोजना संयोजक उर्वशी विज ने कहा कि दिव्यांगजनो का सहयोग करना हम सब की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे की मदद करना कोई दया करना नहीं होता,बल्कि यह इंसानियत की पहचान है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के व्यवहार में बनावटीपन नहीं होता । खंड शिक्षा अधिकारी घरौंडा रविन्द्र राणा, बीआरसी जोगिन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने ली भारत को विकसित बनाने की शपथ

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को विकसित भारत अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी एयर विंग और एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का संदेश सुनाया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार नागिया ने विद्यार्थियों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलवाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने, समृद्ध विरासत पर गर्व करने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की शपथ ली।

## ढाकवाला रोडान व चूंडीपुर में विकसित भारत यात्रा में बताईं योजनाएं

# विकसित भारत यात्राः ईमानदारी से करें जनता के कार्यों का निपटाराः कल्याण





भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद करते विधायक व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही दे रहे सरकार की योजनाओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला निरंतर जारी है। शनिवार को यात्रा ब्लॉक के गांव ढाकवाला रोडान व चूंडीपुर में पहुंची। इस दौरान बतौर मुख्यतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचकर अलग-अलग विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कर्मठता से आमजन के कामों को निपटाने के निर्देश भी दिए। चूंडीपुर गांव में गांवावसियों के साथ-साथ विधायक हरविंद्र कल्याण ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश को आनलाइन सुना। इस दौरान एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता भी मौजूद रहे। गांव ढाकवाला रोडान में जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने का काम कोई 1 व्यक्ति नहीं कर सकता, इस कार्य में हम सभी की भागीदारी जरुरी है, तभी हम भारत को 2047 तक विकसित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतर सोच के साथ देश को विकसित बनाने के लिए आमजन को संकल्पित करने का आह्वान किया है। इस कार्य में हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और देश हित के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य करने चाहिए। गांव चूंडीपुर के कार्यक्रम में संबोधिन के दौरान विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से देश की शान बढ़ी है। कोई किसी का हक न मारे, इस दिशा में मोदी और मनोहर की जोड़ी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि सभी काम आनलाइन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि घरौंडा विधानसभा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से अनेक कार्य हुए हैं, जिससे क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सेवाभाव से कार्य किए हैं। पहले बहुत लोग जागरूकता के अभाव मे योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते थे इसलिए इस यात्रा के दौरान ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अनेक लोगों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बने। इस दौरान आयुष्मान के लाभार्थियों ने सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधायक हरविंद्र कल्याण का आभार व्यक्त किया।

**लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ**

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पहली सरकारे गांव-गांव जाकर अगर थोड़ा भी काम कर देती तो आज लोगों को इतनी दिक्कते न होती। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक पोर्टल 1 पक्के खाल की तरह है, जैसे पक्के खाल से पूरा पानी किसान के खेत मे जाता है वैसे ही पोर्टल के माध्यम से पात्र व्यक्ति को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा का संदेश देते हुए कहा कि देश की आजादी को जब 100 साल पूरे होंगे तो हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित हो, यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जब से हरियाणा मे मनोहर लाल जी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार बनी है, तब से क्षेत्र मे सड़कें, सामुदायिक केंद्र, आईटीआई, गर्ल्स कॉलेज, मेडिकल यूनिवर्सिटी, खेतो के रास्ते पक्के, चौपाले, व्यायामशालाएं, फिरनी व गलियों का कार्य बहुत तेजी ओर बिना भेदभाव के हुए हैं।



इंद्री। अनाज मंडी इंद्री मे युवा गर्जना रैली मे मंच पर फुलमाला डालकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का स्वागत करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

## हर वर्ग का विकास कर रही भाजपा सरकारः नायब सैनी

- भाजपा सरकार में सरकारी नौकरियों में आई पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

अनाज मंडी इंद्री मे युवा गर्जना रैली का आयोजन भाजपा के युवा नेता सुरेंद्र उड़ाना द्वारा किया गया। इस रैली मे मुख्यातिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व संगठन मंत्री फनींद्र नाथ शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि का फुलमाला डालकर स्वागत किया गया । इस मौके पर इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप, युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जगमोहन आनंद,अमेंद्र सिंह,सुभाष चंद्र व राजेश प्रजापति आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर काफी संख्या में हल्के के लोग व युवा मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन पर युवा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा व सुरेंद्र उड़ाना उनकी पूरी युवा मोर्चा टीम को बधाई देते है। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं को अलग-अलग प्लेटफार्म दिया है, पी.एम. मोदी द्वारा एक योजना स्टार्टअप इंडिया के नाम से चलाई हुई है जिसमें लाखों युवा जुड़े हुए है, युवा मुद्रा विकास योजना से जुडकर युवा आगे बढ़ रहे है, साढ़े 9 वर्षों में खेलो इंडिया के माध्यम से युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का मौका मिला है, हरियाणा की स्पोर्टस योजना को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मजबूत किया है, जब भी कोई खिलाड़ी मेडल लेकर आता है तो हरियाणा सरकार उसको पूरा मान सम्मान देती है। हरियाणा में भाजपा सरकार ने नौकरियों में पारदर्शिता लाई हैं, आज हमारा युवा एक ही रास्ते पर चल रहा है आज युवा पढ़ रहा है और अपने दम पर नौकरियां ले रहा है। अब नौकरी बिना खर्ची व बिना पर्ची के मिल रही है। सैनी ने कहा कि 2014 से पहले वोट लेने के बाद सरकार दिखाई नहीं देती थी परंतु अब हमारी सरकार द्वारा गरीब परिवारों को जिसकी वार्षिक इनकम 1 लाख 80 हजार रूपये से कम है उन परिवारों का आयुष्मान के माध्यम से 5 लाख तक का फ्री इलाज दिया जा रहा है।

## तेरे मेरे बीच में कैसा है ये बंधन ओ भोले...

- सनातन धर्म मंदिर रामनगर में हुआ ऊं नमः शिवाय का जाप कर कमाया पुण्य
- श्रद्धालुओं की आस्था से भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सनातन धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। कार्यक्रम में सेवादार संजय टिक्का, ज्योति, बबीता और मिङ्का ने तेरे मेरे बीच में कैसा है ये बंधन ओ भोले बाबा के भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया! सेवादार ने संगीतमय धुनों पर हरिओम नमः शिवाय का जाप किया गया! शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम. से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरुआत हुई। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फिर 108 बार राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। संजय टिक्का ने कहा कि ठंड में भी श्रद्धालु उत्साह से अपनी हाजरी लगाते हैं शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ व इंद्रजीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।



करनाल। भगवान शिव का गुणगान करते भक्त। फोटो: हरिभूमि

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने किया मनोज को सम्मानित

- मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों से हर वर्ग हो रहा है खुशहाल: सैनी

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने शनिवार को करनाल बस स्टैंड के पास नाई का काम करने वाले मनोज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में गरीब, मजदूर आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो रहे हैं और उनका मान- सम्मान बढ़ा है। श्री सैनी ने कहा कि प्रदेश के नागरिक छोटे-छोटे काम करके देश और प्रदेश की उन्नति में भागीदार हो रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं। इस मौके प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी के साथ इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप भी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से सम्मानित होने पर गांव बलडी के रहने वाले मनोज ने कहा कि उन्हें वश्विास ही नहीं था कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष उनकी दुकान में पहुंचकर उनको मान सम्मान देंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी द्वारा सम्मानित होने से गदगद मनोज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में गरीब लोगों को उचित मान सम्मान मिल रहा है।

### वरिष्ठ नागरिक मंच का परिवार मिलन समारोह 24 को

**करनाल।** वरष्ठि नागरिक मंच सैक्टर सात का सालाना परिवार मिलन समारोह 24 दिसंबर को शाम छह बजे से गोल्डन मूमेंट में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नव चेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान होंगे। विशष्टि अतिथि गोल्डन मूमेंट के संचालक सुनील बिदल तथा नागरनिगम पार्षद मुकेश अरोड़ा होंगे। इस कार्यक्रम में 20 वरष्ठि नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी वरष्ठि नागरिक मंच के प्रधान ओपी गर्ग ने दी।बैठक में एचडीएफ सी म्यूचुअल फंड के अधिरी ने निवेश संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर पैटर्न एस एस संधु ने भी उपसिथत जनों को सबोंधित किया।

## इग्नू में दाखिले शुरू : डॉ. धर्मपाल

- 31 जनवरी 2024 तक ले सकते है इग्नू में दाखिला : डॉ. धर्म पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डस्टिेंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसद्धि व प्रख्यात केंद्रीय वश्विवद्यिालय है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त वश्विवद्यिालय (इग्नू)। इग्नू में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त वश्विवद्यिालय है । इग्नू का उद्देश्य वद्यिार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के वद्यिार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है । ऐसे वद्यिार्थी जिनको मेरिट के चलते नियमित कॉलेज या वश्विवद्यिालय में दाखिला नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और वश्विवद्यिालय में नहीं जा सकते तो ऐसे वद्यिार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डग्रिी हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू से विभन्नि तरह के सर्टिफिकेट, डप्लिोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डप्लिोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 है।



करनाल। क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल।

## मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थीः सिंगला

- शिक्षा ग्रहण करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी देश का भविष्य
- विद्यार्थी को अपने जीवन में मन लगा कर पढ़ना चाहिए-सिंगला

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्य तिथि पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला नंबर एक घरौंडा में पढ़ने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को ठंड के मौसम से बचाव के लिए निःशुल्क जूते (शूज) वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग कनिष्क गुप्ता एम दी लिबर्टी ट्रेंड्स घरौंडा एवं नगरपालिका पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंगला जी का रहा स्कूल अध्यापकगण द्वारा शाखा का स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला एवं नपा पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंगला जी तथा स्कूल प्रधानाचार्य महोदया श्रीमती सरिता क्वात्रा की गरिमामई उपस्तिथि में 65 जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी देश का भविष्य है विद्यार्थी को अपने जीवन में मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा सामाजिक संस्थाओं का दायित्व बनता है कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को अगर किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होती है तो सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर विद्यार्थियों का सहयोग करना चाहिए।




**शाखा के कार्यों की प्रशंसा**

तत्पश्चात सुरेन्द्र सिंगला ने अपने वक्तव्य में परिषद् द्वारा किए इस नेक कार्य की अतुलनीय प्रशंसा की और कहा की शाखा कि वह हर समय शाखा का सहयोग करने के लिए तैयार है तद्दोपरांत स्कूल प्रधानाचार्य ने शाखा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शाखा द्वारा पहले भी कई कार्य स्कूल में किए गए है जो अत्यंत सराहनीय कार्य रहे है।शाखा सचिव कपिल धीमान ने मंच का संचालन करते हुए स्कूल प्रधानाचार्य सभी अध्यापकगण एवं अतिथियों का स्वागत किया।

**विर्क अस्पताल में लगाया गया घुटने व कूल्हे का निशुल्क कैंप**

## कूल्हे के दर्द को नजरअंदाज न करें : डा. दक्ष

- शिविर में पहुंचे मरीजों की निशुल्क जांच के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों का फ्री एक्सरे भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

विर्क अस्पताल तथा सुख दुख संस्था की ओर से घुटने व कूल्हे का निशुल्क मेडिकल कैंप विर्क अस्पताल करनाल में लगाया गया। जिसमें विर्क अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी और मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पहुंचे मरीजों की निशुल्क जांच के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों का फ्री एक्सरा किया गया और उन्हें निशुल्क परामर्श भी दिया गया। शिविर में घुटने व कुल्हे के स्पेशलिस्ट डा. बलबीर सिंह विर्क व डा. दक्ष शर्मा ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर डा. बलबीर सिंह विर्क व डा. दक्ष शर्मा ने मरीजों को जांचते हुए बताया कि यदि मरीज को कूल्हे में कोई परेशानी आ रही है तो वह तुरंत अस्पताल जाकर डाक्टर की सलाह लेनी चाहिए। डा. बलबीर सिंह विर्क व डा. दक्ष शर्मा ने बताया कि घुटनों में दर्द होना एक सामान्य समस्या है, जो सभी उम्र के लोगों को हो सकती है। डा. दक्ष ने मरीजों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे घुटने के जोड़ एक कुशन जैसी सतह से सुरक्षित रहते हैं जिसे उपास्थि कहा जाता है जो घुटने की टूट-फूट को रोकता है। जब संरक्षित परत क्षतिग्रस्त हो जाती है या तो चोट के कारण, सूजन संबंधी बीमारी जैसे रुमेटीइड गठिया या उम्र से संबंधित टूट-फूट के कारण, इसके परिणामस्वरूप हड्डी से हड्डी का संपर्क होता है और इसे घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस के रूप में जाना जाता है। हड्डियों का एक-दूसरे के खिलाफ रगड़ना घुटने का कारण बनता है। इस मौके पर शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।



करनाल। घुटने व कूल्हे के स्पेशलिस्ट डा. दक्ष शर्मा मरीजों की जांच करते हुए।

## चम्बा कालोनी वासियों को तोहफा

- कालोनीवासी काफी लम्बे समय से जूझ रहे थे पानी की समस्या से अब मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

वार्ड-8 की चम्बा कालोनी वासियो की पानी की समस्या को लेकर लम्बित मांग आज पूरी हो गई है। सिंचाई विभाग द्वारा चम्बा कालोनी में पीने के पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। कालोनी वासी काफी समय से पानी के समस्या से जूझ रहे थे, जिसे लेकर जनसंवाद कार्यक्रम में भी कालोनीवासियों एवं पार्षद मेघा भंडारी ने उनकी इस समस्या को मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री जी ने जनहित के कार्य को देखते हुए कालोनीवासियों की इस मांग को पूरा किया है। अब वार्ड की कालोनी के निवासियों को अंतिम छोर तक स्वच्छ एवं साफ-सुथरा पानी उपलब्ध होगा। पार्षद मेघा भंडारी ने वार्ड-आठ की इस मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, नगरनिगम मेयर रेणू बाला गुप्ता जी एवं सांसद संजय भाटिया जी का आभार व्यक्त किया है।



## खबर संक्षेप

### पैदल भक्तों का कारवां हुआ रवाना

**समालखा।** करनाल जिले के तरावड़ी शहर से श्री श्याम बाबा की पैदल ध्वज यात्रा लेकर भक्तों का कारवां चुलकाना धाम के लिए रवाना हो चुका है। श्री श्याम बाबा की पूजा अर्चना करके भक्तों ने बाबा का निशान उठाया और मुंह में श्याम नाम जपते हुए चुलकाना धाम के रास्ते पर चल पड़े। आज रात पानीपत में ठहरने की व्यवस्था पानीपत के श्याम भक्तों द्वारा की गई है। सुबह पानीपत से फिर चल पड़ेंगे तथा चुलकाना धाम आखिरी पड़ाव होगा। श्री श्याम बाबा के प्राचीन सद्धि वश्वि प्रसद्धि मंदिर में निशान चढ़ाएंगे।

### अमरजीत सिंह बने वीर बाल दिवस के प्रदेश सह संयोजक

**पानीपत।** पूरे प्रदेश में वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिनमें साहबजाद्धों के बलिदान को याद कर नमन किया जाएगा। ये शब्द भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री ने अपने लतीफ गार्डेन स्तिथ कार्यालय पर अपनी टीम के सदस्यों को वीर बाल दिवस के बारे विचार विमर्श करते हुए कहे। अमर जीत सिंह कोहली ने उनको वीर बाल दिवस का प्रदेश सह संयोजक बनाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश अध्यक्ष नायाब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।

### कैंसर को लेकर जनता का जागरूक होना जरूरी

**समालखा।** दुनिया भर में कैंसर की घटनाएं चिंताजनक दर से बढ़ रही हैं। तंबाकू चबाने या धूम्रपान करने, शराब और कुछ वायरल संक्रमणों का सेवन कैंसर के जोखिम कारकों के रूप में जाना जाता है। शारीरिक निष्क्रियता , गतिहीन जीवन शैली और मोटापा भी कैंसर के लिए उच्च जोखिम वाले जीवनशैली कारक उभर रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. सौम्या व डॉ. विनीता गोयल निदेशक और एचओडी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने अर्णव हॉस्पिटल में सेमिनार के दौरान दी। कैंसर को लेकरजन.जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही था कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।

### शिवम पांचाल का गाया भजन आया चर्चाओं में

**पानीपत।** हरियाणवीं गायक शिवम पांचाल निवासी पानीपत ने श्री राम आ रहे हैं नाम भजन तैयार किया है। जिसे साधना भक्ति चैनल पर तथा यूटयूब पर रिलीज किया जाएगा। बता दें कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। जिसको लेकर हरियाणवीं गायक शिवम पांचाल ने श्रीराम आ रहे हैं भजन गाया है,जो भी से चर्चाओं में आ गया हैं।

### कांग्रेस राज में मिलेगा सभी वर्गों को सम्मान : महेंद्र

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव सौंधापुर व महमदपुर में आज कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला परिषद चेयरमैन महेंद्र कादियान ने जन जागरण अभियान के तहत दौरा किया। पहुंचने पर कादियान का ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महेंद्र कादियान ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के शासनकाल में हरियाणा का प्रत्येक वर्ग खुश था। प्रदेश विकास से लेकर रोजगार सभी मामले में वन होता था। भाजपा के कार्यकाल में पूंजीपतियों को छोड़कर कोई वर्ग खुश नहीं है।

### ईवीएम जागरूकता अभियान कारगर साबित हो रहा

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन विभाग के निर्देश में शिक्षाविद डा.हितेष चंद शर्मा द्वारा आज ब्रानो कैप एरिक इंडस्ट्री में ईवीएम की वोटिंग कार्यप्रणाली को औद्योगिक इकाईयों के श्रमिक एवं प्रबंधन कर्मियों को समझाई गई। सुदेश राणा इलेक्शन तहसीलदार ने बताया की जिला निर्वाचन विभाग द्वारा ईवीएम जागरूकता वैन भी जिले में कार्यरत है।
ईवीएमएमतदान एवं वोटर लिस्ट में नाम लिखवाने आदि का कार्य हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

---

### प्रधान पद के लिए कांटे का मुकाबला हुआ

# चुनाव परिणाम घोषित करने में हुई मशक्कत

8-10 बार गिनती करने के बाद सचिन छौक्कर को 1 वोट से विजयी घोषित किया गया।



**पानीपत।** विजेता घोषित होने के बाद विजयी चिन्ह बनाते हुए प्रधान सचिन छौक्कर व उनके साथी वकील। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

समालखा बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रधान पद के लिए कांटे का मुकाबला हुआ। जिसमें सचिन छौक्कर ने अपने प्रतद्विंदी नरेंद्र परिष्ठ को मात्र एक वोट से हराया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर रोहतास कुमार ने संजय त्यागी को 92 मतों से पराजित किया। इसी तरह मुकेश कहराणा ने अपने प्रतद्विंदी वकील जोगिद्रं को 29 वोट से हराकर सचिव पद प्राप्त किया। चुनाव अधिकारियों सुमन दीप व हरीश रूहल ने बताया कि समालखा बार एसोसिएशन का चुनाव वैसे तो शांतिपूर्ण हुआ लेकिन प्रधान पद का परिणाम घोषित करने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि 8-10 बार गिनती करने के बाद सचिन छौक्कर को 1 वोट से विजयी घोषित किया गया। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि बार एसोसिएशन के 290 सदस्यों में से 244 वकीलों ने वोट डाला। जिसमें से सचिन छौक्कर को 122 तथा उसके प्रतिद्वंदी नरेंद्र वशिष्ठ को 121 मत प्राप्त हुए। 1 मत जिस पर नरेंद्र के आगे सही टिक का निशान तथा उसी वोट पर सचिन के नाम के आगे क्रास लगा हुआ है जिसको लेकर चुनाव परिणाम घोषित करने मे काफी मशक्कत हुई। वहीं उप प्रधान पद पर रोहतास को 167 जबकि संजय त्यागी को कुल 75 वोट मिले। इसी तरह सचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे मुकेश कहराणा को 135 व जोगिंदर को 106 वोट मिले। जिसमे मुकेश कहराणा 29 मतों के अंतर से चुनाव जीते ओर बार एसोसिएशन मे लगातार दूसरी बार सचिव नवनिर्वाचित हुए। जबकि सयुंक्त सचिव ईश्वर छौक्कर तथा कोषाध्यक्ष पद पर पंकज छौक्कर पहले ही निविरोध नर्वाचित हो चुके हैं।

### एसडी विद्या मंदिर में वार्षिक खेल उत्सव आयोजित

**पानीपत।** एसडी विद्या मंदिर हुड्डा में शनिवार को कक्षा प्री.नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित एसडी एजुकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी नरेश कुमार गोयल, विद्यालय की प्रबंधक समिति के चेयरमैन सतीश चंद्रा, वाइस चेयरमैन विकास कुमार, सेक्रेटरी तुलसी सिंगला व प्रधानाचार्या डॉ. अनु गुप्ता ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का आगाज किया। चेयरमैन सतीश चंद्रा ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि एसडी विद्या मंदिर हुड्डा विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। जिसके बलबूते विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेल और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विद्यालय के नाम का परचम लहरा रहे हैं। विद्यालय के सभी छह सदनों के विद्यार्थी समूह ने बैंड की धुन पर मार्च पास्ट किया। लड़कों के लिए गिलास बॉल रेस, फ्लैग रेस, बॉल बैलेंसिंग रेस, चेयर सीटिंग रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, बलून डिफेलेटिंग रेस, थ्री लेग रेस, सैक रेस, शटल रन रेस एवं 200 मीटर स्प्रिंट रेस का आयोजन किया गया। जबकि लड़कियों के लिए बॉल रेस, बलून रेस, रिंग रेस, हूपला स्टैंड रेस, फिल द बॉटल रेस, अनियन रेस, पिरामिड रेस, जिग-जैग रेस, हर्डल रेस और 100 मीटर स्प्रिंट रेस आयोजित की गईं।

# एसडी कॉलेज में विजय दिवस मनाया

- भारत की सेनाओं के साहस और पराक्रम का प्रतीक है विजय दिवस : डॉ.अनुपम अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत




**पानीपत।** विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए विद्यार्थी व प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

एसडी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने विजय दिवस विक्ट्री डे को शौर्य और जज्बे के भाव के साथ मनाया। कॉलेज में आयोजित विशेष समारोह में आज के दिन देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों और अधिकारियों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। समारोह में प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश गर्ग, एनसीसी अधिकारी डॉ. बलजिंदर सिंह, डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, प्रो.मनोज कुमार, प्रो.विशाल गर्ग, दीपक मत्तिल, चिराग सिंगला अन्य प्राध्यापकों और स्वयंसेवकों ने हस्सिा लिया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को एकता, अखंडता और देश के प्रति प्राण न्यौछावर करने की शपथ दिलाई। कॉलेज प्रांगण भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारों से गूंज उठा।

डा.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि विजय दिवस 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है ।

## कला महोत्सव में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में आज कला विभाग की ओर से कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं की छात्राओं के लिए आर्ट फिस्टा का आयोजन किया गया। सामाजिक, आधुनिक परिवेश से जुड़े विषयों को सुंदर आकृतियों का रूप देकर प्रतिभागियों ने अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अपनी इच्छा अनुसार छात्राओं ने भाग लेकर आज के इस आयोजन को सुंदर और आकर्षक बना दिया। विद्यालय की दीवारों पर की बनाई गई कलाकृतियों ने विद्यालय सुन्दरता को चार चांद लगा दिए। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वयं भी इसमें भाग लिया तथा अपनी भावनाओं को सुंदर पेंटिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा ने आज के कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय की प्रबंधन समिति के चेयरमैन सुरेंद्र शिंगला, वाइस चेयरमैन सीए कमल किशोर, प्रबंधक अरुण आर्य ने आज के कला महोत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।



**समालखा।** अध्यक्ष शमशेर फौजी का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष फूलकुमार।

# शमशेर फौजी बने बसपा समालखा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

- जिला अध्यक्ष फूल कुमार नंबरदार ने पार्टी का पटका पहनाया गया

बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में कुमारी मायावती के निर्देशानुसार समालखा विधानसभा की मीटिंग गांव पावटी में जिला सचिव वेद प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि स.सुमेर सिंह प्रदेश सचिव रहे। मीटिंग का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना था। समालखा विधानसभा अध्यक्ष शमशेर सिंह फौजी को बनाया गया। जिला अध्यक्ष फूल कुमार नंबरदार ने पार्टी का पटका पहनाकर नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष का स्वागत किया गया। मीटिंग में ग्रामीण विधानसभा से रामफल सारसर, रामनिवास, राजेंद्र, सुरेश खटीक, रामफल नंबरदार, दलवीर रंगा, बलकार, गुलाब, दरिया, जय भगवान, शमशेर, अजमेर सिंह, हरदेव आदि मौजूद रहे।

# कालोनियों की शीघ्र सुध लें सीएम

- अन्यथा जल्द होगा आंदोलन : महीपाल सूबेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** धरने पर बैठे कॉलोनी वासियों को संबोधित करते हुए महीपाल सूबेदार।

पानीपत ग्रामीण विधानसभा की कॉलोनी वासियों के साथ आज कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार ने हरि सिंह चौक पर धरना दिया। धरना देने का उद्देश्य कॉलोनियों में जो मुख्य रास्ते व गलियां सालों से उखड़ी पड़ी हैं उनको बनवाने के लिए प्रशासन व सरकार को जगाना था। कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार ने कहा कि नूरवाला स्थित हरि सिंह चौक से भैंसवाल मोड़ तक, देशराज कॉलोनी स्थित शमशान रोड, बेरी वाली मस्जिद वाली सड़क, हरी नगर में रामस्वरूप चौक से 33 फूटा रोड आधा बनाया आधा बाकी है। जो बनाया है उसमें न सीवर के कनेक्शन दिए गए और न ही पानी के कनेक्शन दिए गए। इसके अलावा हरी नगर व सैनी कॉलोनी की बहुत सी गालियां सालों से उखड़ी पड़ी हैं। सनौली रोड स्थित विद्यानंद में कॉलोनी में धूप सिंह नगर की भारत नगर में बहुत सी गालियां उखड़ी पड़ी हैं। उखाड़ने के बाद दोबारा अब तक नहीं बनाया गया। न तो विधायक न ही एमसी और न ही नगर निगम द्वारा इन की ओर कोई ध्यान दिया जा रहा है। आज वह इस धरने के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल से निवेदन करता हूं की पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों की सूंध ली जाए। अगर जल्द इन समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं होता है तो इसके बाद कोई बड़े आन्दोलन का निर्णय कॉलोनी वासियों से परामर्श कर लिया जाएगा। इस मौके पर शमशेर वाल्मीकि, बिसंबर गुर्जर,चंद्र श्याम शर्मा, रामकुमार कोरी, बलराज वाल्मीकि, टिंकू जोगी,सुधीर शर्मा ,रिंकू रोहल्लिा, महेंद्र सैनी, रविंद कश्यप, ओम प्रकाश रमना, बृजमोहन आदि लोग मौजूद रहे।



**पानीपत।** गोल्ड मेडल विजेता सुमन प्रजापति का स्वागत करते हुए विजय जैन ।

# सुमन प्रजापति को विजय जैन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में गांव सिवाह की सुमन प्रजापति ने पैरा पावरलिफ्टिगं में गोल्ड मेडल प्राप्त करके हरियाणा का नाम रोशन किया है। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नेता एवं पार्षद विजय जैन ने गांव सिवाह में पहुंचकर सुमन प्रजापति को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि गांव सिवाह के प्रदीप प्रजापति की पत्नी सुमन प्रजापति ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर सराहनीय कार्य किया है। विजय जैन ने कहा कि सुमन प्रजापति की मेहनत का ही यह परिणाम है जो आज हमारे गांव सिवाह में गोल्ड मेडल आया है। इस अवसर पर प्रदीप प्रजापति, सतबीर प्रजापति, पाल सिंह, हवा सिंह ,जोरा सिंह कादियान, जगबीर, राजेश, विजेंद्र व सतीश कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# क्रिकेट मैच में दिखाया दम

- क्रिकेट मैच में शिक्षक वर्ग ने गैर शिक्षक वर्ग को 76 रनों से दी मात

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य डा.जगदीश गुप्ता।

शनिवार को आर्य पीजी कॉलेज में शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें शिक्षक वर्ग ने शानदार खेल दिखाते हुए गैर शिक्षक को 76 रनों से हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की। कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि आज का क्रिकेट मैच 20-20 ओवर का था।

ये मैच मैत्रीपूर्ण मैच था जो बहुत ही उम्दा रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मैत्रीपूर्ण मैच हर कॉलेज और स्कूलों में भी होने चाहिए। जिससे विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापकगणों में भी खेल की भावना बढ़ती है और हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। आज के मैच में शिक्षक वर्ग ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 152 रन बनाए। दूसरी पारी में गैर शिक्षक वर्ग की टीम केवल 76 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. राजेश टूर्ण को दिया गया। वहीं बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अरूण बजाज व बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार राजेंद्र देशवाल को दिया गया। राजेंद्र देशवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाए। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### आईबी कालेज में प्राध्यापकों के लिए चल रही योग क्लासेस

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योगा क्लब द्वारा सभी प्राध्यापकों के लिए प्रो. रेखा शर्मा द्वारा नियमित रूप से योगा ब्रेक क्लासेस चल रही हैं। प्राध्यापिकाएं नियमित रूप से बहुत ही उत्साह के साथ प्रतिदिन योग अभ्यास करती हैं। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा की योग केवल एक कसरत नहीं है बल्कि जीवन जीने का तरीका है। योग शरीर और आत्मा के लिए सुंदर तोहफा है। मनुष्य स्वयं को स्वयं से मिला सकता है। कक्षा में डॉ. शशी प्रभा, डॉ. किरण मदान, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम,प्रो. खुशबू, डॉ. नेहा पूनिया, डॉ. अंजली, डॉ.मधु शर्मा, प्रो. ईरा गर्ग, डॉ. पूजा, डॉ. रेखा, प्रो. मंजू मलिक, प्रो. मंजू उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का देवेन्द्र कादियान ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा



**समालखा।** जजपा नेता देवेन्द्र कादियान को मांग पत्र सौंपते हुए नगर पालिका कर्मचारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले शनिवार को नगर पालिका समालखा के सफाई कर्मचारियों ने प्रधान रणबीर की अध्यक्षता में समान काम का समान वेतन को लेकर हड़ताल के पांचवा दिन भी नगर पालिका के गेट के बाहर धरने पर बैठे रहें। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। वहीं सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन देने उनके बीच में जननायक जनता पार्टी के युवा नेता देवेन्द्र कादियान पहुंचे। उनके साथ कप्तान छौक्कर पार्षद, नितिन छाबड़ा व जेजेपी पार्टी के समालखा के अन्य नेता भी मौजूद रहे। देवेन्द्र कादियान ने नगर पालिका कर्मचारियों का उनकी मांगों को लेकर समर्थन करते हुए उप मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से समान काम-समान वेतन को लेकर आ रही समस्या से अवगत कराया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्दी ही समान काम का समान वेतन नीति के तहत उन्हें वेतन दिया जाएगा।

## मेधावी विद्यार्थियों को ईनाम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# बच्चे ही देश का अगला व असली भविष्य : अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭इसराना



**इसराना।** नैन्सी को सम्मानित करते हुए अनिल पंवार साथ में सुनील जोगी।

देश का असली व अगला भविष्य वो बच्चे हैं जो स्कूलों में शिक्षा के माध्यम से देश की तरक्की के गुणा-भाग सिख रहे हैं। देश का असली धन बैंकों में जमा नहीं यह तो स्कूलों में है। यहीं छोटी-छोटी प्रतिभाएं आगे चलकर महान बनेगी। यह बात इसराना हल्का के गांव कारद के हर्ष आदर्श सीनियर सेकेंड्री स्कूल में वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सांसद कृष्ण लाल पंवार के पुत्र अनिल पंवार ने कही। उन्होंने कहा कि इसी तरह के आयोजनों से बच्चों में छुपीं हुईं प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने हर्ष आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधक कमेटी को इसके लिए धन्यवाद दिया। वहीं अनिल पंवार के साथ आये भारत विकसित यात्रा के कोडिनेटर सुनील जोगी ने कहा कि सांसद कृष्ण लाल पंवार को इस कार्यक्रम में शामिल होना था पर पार्टी का अति आवश्यक काम होने के कारण वह नहीं पहुंचे उन्होंने हमें भेजा है। सुनील जोगी ने हर्ष आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल को सांसद कृष्ण लाल पंवार की ओर से 5 लाख रुपये स्कूल में अटल साइंस लैब और पुस्तकालय के लिए देने की घोषणा की। वहीं अतिथियों द्वारा स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को नकद ईनाम के साथ-साथ स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर राजबीर मलिक, स्कूल के प्राचार्य राममेहर कारद, सुनील परढाना, बंटी, अंजू, ज्योति, सुदेश, बलराज, प्रेम सिंह, रामफल, दलबीर सिंह, शीतल, रेनू, रूबी, पिंकी, बाबा लाठे गोशाला प्रधान सुरजभान आदि उपस्थित थे।



**पानीपत।** शनि मंदिर के बाहर जुराबें व टोपी वितरित करते हुए शशी लूथरा।

# जरूरतमंदों को शशी लूथरा ने बांटी जुराबें और टोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जीटी रोड स्थित शनि मंदिर के आगे बैठे भिखारियों को ठंड से बचने के लिए कांग्रेस नेता शशी लूथरा द्वारा जुराबे और टोपी बांटी गई ताकि उनका ठंड से बचाव हो सके। शशी लूथरा कहा कि हमें समय-समय पर जैसा मौसम हो हर इंसान को वैसा ही कपड़ा या कुछ खाने पीने का समान जरूरतमंदों को जरूर देना चाहिए। दान करने से पुण्य मिलता है और इंसान को आत्मिक खुशी प्राप्त होती है। इसलिए हमसे जितना भी बन सके उतना सहयोग करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के मामले में दूसरा आरोपित काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ित महिला ने 18 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पंचायत भवन के पास से किसी ने उसके हाथ से मोबाइल फोन व पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र में मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। बलदेव नगर के प्रवीण 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांधी पार्क के पास आरोपी गुरप्रीत सिंह व अन्य ने उससे व उसके भतीजे दीपक से मारपीट कर चोट पहुंचाते जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अक्षत कलश यात्रा का लोगों ने किया अभिनंदन

**नारायणगढ़।** भगवान श्री रामचंद्र जी के श्री अयोध्या में निर्मित भव्य मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु श्री अयोध्या जी धाम से आए अक्षत कलश की शोभा यात्रा बड़े धूमधाम व उल्लास के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा अंबाला-नाहन मार्ग पर स्थित श्री बाल्मीकि मंदिर से आरंभ हुई जो कि मुख्य बाजार गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब,श्री रघुनाथ मंदिर, श्री नगर खेड़ा से होती हुई मंदिर हरडा वाला मंदिर में संपन्न हुई।

## आप की बदलाव यात्रा छावनी पहुंची, यात्रा को मिला पुरजोर समर्थन

# डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं : चित्रा सरवारा

आप नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह बोले सीएम मनोहर लाल द्वारा घोषित 1500 योजनाएं भी अब भी अधूरी, चित्रा ने भी सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला





**अंबाला।** अंबाला छावनी के मुख्य बाजारों से होकर निकलती आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा। फोटो : हरिभूमि

आम आदमी पार्टी की ओर से निकाली जा रही प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा अंबाला छावनी में प्रवेश कर गई। पार्टी के राष्ट्रीय सह सचिव निर्मल सिंह व प्रदेश उपाध्यक्षा चित्रा सरवारा की अध्यक्षता में यह यात्रा बाजारों से होकर निकली। अंबाला छावनी के फुटबाल स्टेडियम से शुरू होकर यात्रा बब्याल राजपूत धर्मशाला पर समाप्त हुई। यात्रा का मुख्य बाजारों में बहुत संस्थाओं में फूल मालाओं के साथ स्वागत भी किया। इस अवसर पर निर्मल सिंह ने कहा की आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को पूरे प्रदेश से भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस बदलाव की मुहिम आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 10 साल पहले छेड़ी थी कि सत्ता को बदल कर ही आम जनता की आवाज को उठाया जा सकता है। उन्होंने सत्ता के माध्यम से व्यवस्था को बदला और अब विदेशों तक इसकी चर्चा है। इसके बाद पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी पर विश्वास जताया और आज आम आदमी पार्टी की ओर से जमीन पर लोगों के लिए काम करवाया जा रहे है। इस कारण हम कह सकते हैं कि यदि सच्ची नियत, निष्ठा और देशभक्ति हो तो देश के लोगों की सेवा की जा सकती है। उसी व्यवस्था परिवर्तन के लिए जाए पूरे हरियाणा में बदलाव यात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बने लगभग 9 वर्ष से ज्यादा होने को जा रहे हैं, लेकिन अंबाला छावनी में कथित लाखों-करोड़ों रुपए लगने के बाद भी लोगों के चलने के लिए अच्छी सड़क नही दे पाई। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सरकार की तरफ से बयान आया, 44 करोड से सड़कें बनाई जाएंगी। कहीं, स्टेडियम की तरह 44 करोड की सड़कें भी घोटाले की भेंट न चढ़ जाएं। उन्होंने कहा कि डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं दिख रही। अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में अब भी एसडीपी मशीन नहीं है। जिस कारण डेंगू के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में जेब खाली करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है छावनी एक भी का प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ। पैसा व समय तीन गुणा बढ़ने के बावजूद सभी प्रोजेक्टस भी अधूरे पड़े हैं। बैंक स्केयर, अग्निशमन विभाग की बिल्डिंग, डॉक्टर क्वाटर, स्टेडियम, शहीदी स्मारक और आर्यभट्ट सेंटर सब अधूरा पड़ा है।

### नारायणगढ़ में भव्य स्वागत

**नारायणगढ़।** शनिवार को आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा का नारायणगढ़ पहुंचने पर आप कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा की अगुवाई कर रही आप प्रदेश उपाध्यक्ष चत्रि सरवारा ने नारायणगढ़ में लोगों से मिलकर उन्हें आम आदमी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को पूरे प्रदेश से भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस बदलाव की मुहिम आम आदमी पार्टी के संयोजक और दल्लिी के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 10 साल पहले छेड़ी थी कि सत्ता को बदल कर ही आम जनता की आवाज को उठाया जा सकता है। पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी पर वश्विास जताया और अब पार्टी की ओर से जमीन पर लोगों के लिए काम करवाया जा रहे है। इस कारण हम कह सकते हैं कि यदि सच्ची नियत, नष्ठिा और देशभक्ति हो तो देश के लोगों की सेवा की जा सकती है।

### जनता बदलाव के लिए तैयार

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने सभी पार्टियों को मौका दिया है, लेकिन प्रदेश के लोग उनसे संतुष्ट नहीं हैं और इस बार बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में प्रदेश सबसे निचले पायदान पर है। महिलाओं की सबसे असुरक्षित वाली सूची में प्रदेश दूसरे नंबर पर है, रेप के मामलों में प्रदेश पूरे देश में दूसरे नंबर पर है, हत्याओं की बात करें तो दूसरे नंबर पर है, किडनैपिंग में नंबर तीन पर है और यूपी भी प्रदेश से पीछे है। इसके अलावा बेरोजगारी में नंबर वन है, 33% युवा काम नहीं कर रहा या पढ़ ही नहीं रहा, हर तीन में से एक युवा दिशाहिन है और युवा अपनी जमीन को बेचकर विदेशों की तरफ पलायन करने को मजबूर हैं। नर्मिल सिंह ने कहा की विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि सीएम खट्टर ने 1770 घोषणाएं की हैं लेकिन उनमें से मुश्किल से 270 ही पूरी हो पाई हैं। 1500 से ज्यादा घोषणाएं अब भी अधूरी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यदि एक महिला कोच भाजपा सरकार के मंत्री पर यौन उत्पीड़ने के आरोप लगाती है और इंसाफ की गुहार लगाती है तो पूरा भाजपा का सत्ता पक्ष मंत्री को बचाने में लगा जाता है। इसके अलावा प्रिंसिपल पर छात्राओं से छेड़छाड का आरोप लगता है और भाजपा सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती। उन्होंने कहा कि चरखी दादरी के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में बिजली नहीं है।

### निःशुल्क जांच शिविर में की 250 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

**यमुनानगर।** श्री कृष्ण सेवा मंडल समिति के तत्वावधान में शनिवार को हमीदा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर मरीजों को निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं समिति के संयोजक विरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में डॉ. सुरेंद्र व डॉ. विवेक सहारनपुर ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान समिति की ओर से मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को ठंड के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति ऐहतियात बरतने व बीमारियों से बचाव की जानकारियां दी। मौके पर डॉ. सुमन ने कहा कि ठंड के मौसम में खासकर बच्चे व बुजुर्ग खांसी, एलर्जी व बुखार आदि की चपेट में आ जाते हैं। जिन्हें ठंड के मौसम में ऐहतियात बरता बेहद जरूरी है।


### धोखाधड़ी के दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मारपीट, छीनाझपटी व धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी नपर्दि सिंह व गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। अब आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। खैरा गांव के कपिल देव ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एचपी पेट्रोल पंप भुड़ंगपुर के पास आरोपियों ने गाड़ी में धोखे से पेट्रोल डलवा कर उससे मारपीट कर उसकी जेब से नकद राशि व कागजात छीनकर लिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को काबू किया।

## मिलकर पीएम मोदी के सपने को साकार करें

- गरनाला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, गृहमंत्री विज ने ग्रामीणों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



**अंबाला।** ग्रामीणों को संबोधित करते गृहमंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शनिवार को प्रदेशवासियों से आह्वान करते कहा कि दुनिया में 37 देश विकसित हैं। हम सबको मिलकर अपने देश को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। इसी कडी में उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य लोगों के सहयोग के बिना पूरा नहीं होता इसलिए हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करना है। गृहमंत्री शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अंबाला के गांव गरनाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, राजकीय स्कूल में स्थापित शहीद गरूड़ कमांडो गुरसेवक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि वर्ष 2047 को सामने रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। कहा कि संकल्प के तहत हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। सरकार और लोगों ने मिलकर प्रदेश को ओडीएफ बनाने का काम किया है और अब हमें प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मिलकर पूरा करना है।

## गृहमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए आदेश

- अनिल विज ने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला



**अंबाला।** विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें सुनते गृहमंत्री अनिल विज।

गृह एवं स्वास्थ्य श्री अनिल विज ने शनिवार अपने आवास पर प्रदेश के जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। हिसार से आए परिवार ने विज को बताया कि कुछ आरोपियों ने परिवार सदस्यों के साथ मारपीट की थी जिसके उपरांत उनके भाई की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला तो दर्ज किया लेकिन अब तक कोई गिरफ्तार नहीं हुई। हत्या मामले में कार्रवाई नहीं होने पर एसपी को फोन करते हुए सख्ती से कार्रवाई करने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। यमुनानगर से आई महिला ने उसके साथ दुराचार मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत की। महिला ने बताया कि उसके बयान होने के बावजूद भी पुलिस नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। इस पर एसपी यमुनानगर को फोन करते हुए मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के नर्दिश दिए। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की तथा जांच नहीं करने वाले जांच अधिकारी पर भी कार्रवाई के नर्दिश दिए। इस दौरान कबूतरबाजी के कई मामले आए जिन पर एसआईटी को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पेहवा की महिला ने बताया कि उसने अपने दो लड़कों को रोमानिया भेजने के लिए एक एजेंट से बातचीत की थी। एजेंट को 10 लाख रुपए दिए थे।

### जांच कर केस दर्ज करने के निर्देश

इसी प्रकार नारायणगढ़ के व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसे इंग्लैंड भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे 17 लाख रुपए मांगे। उसने एडवांस के तौर पर एक लाख रुपए दिए। मगर इसके बाद न उसे विदेश भेजा गया न पैसे वापस दिए गए। जिले के गांव हसनपुर की युवती ने गांव के लोगों पर उससे छेड़छाड़ एवं परिवार के साथ मारपीट के आरोप लगाए। विज ने डीएसपी को मामले में सख्त कार्रवाई करने के नर्दिश दिए। अंबाला शहर की महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया जिसपर एसपी को मामले की जांच के नर्दिश दिए। इसके अलावा यमुनानगर के परिवार ने उन पर कुछ लोगों द्वारा उनपर बार-बार हमला करने के आरोप लगाए जिस पर विज ने एसआईटी गठित कर एसपी यमुनानगर को जांच के नर्दिश दिए। रोहतक की दो बहनों ने उनके प्लाट को धोखे से बेचने का आरोप लगाया। रोहतक के पूर्व फौजी ने प्रॉपर्टी डीलर द्वारा प्लाट बेचने के नाम पर उससे 10 लाख रुपए ठगी का आरोप लगाया। दोनों मामलों में गृह मंत्री अनिल विज ने जांच कर केस दर्ज करने के निर्देश दिए।



बराड़ा। विस के बाहर प्रसन्न मुद्रा में स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों ने विधानसभा के सत्र को प्रत्यक्ष देखा

- शैमफोर्ड विद्यालय के छात्रों का विधानसभा में शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

शैमफोर्ड विद्यालय के नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी चंडीगढ़ विधानसभा में शैक्षिक भ्रमण के लिए गए। इस दौरान बच्चों में एक अद्भुत उत्साह था। उनके लिए यह भ्रमण रोचक व ज्ञानवर्धक भी रहा। प्रोटोकॉल ऑफिसर डॉ संजीव शर्मा ने बच्चों को बताया कि विधानसभा की इमारत को ली कार्बुजिए द्वारा तैयार किया गया है और यह दुनिया के अजूबों में 23 वें स्थान पर रखा गया क्योंकि यह इमारत बहुत वैज्ञानिक है। बच्चों ने हरियाणा विधानसभा के सत्र को प्रत्यक्ष देखा। यहां राज्य के विधायक अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रख रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उनके सभी प्रश्नों के उत्तर भी दे रहे थे। बच्चों ने दोनों पक्षों के चर्चा व बहस को सुना और बहुत कुछ सीखा। विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद्र गुप्ता दोनों पक्षों की सुनवाई कर रहे थे। विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्या, शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ अपना अनुभव सांझा किया।

## 2014 में स्वीकृत 4500 बसें लेकिन दौड़ रही मात्र 3129

- नई बसों की खरीद में देरी के कारण को लेकर सदन में जानकारी मांगी थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

विधायक वरुण चौधरी ने विस में प्रदेश में सरकारी बसों के बारे में सवाल उठाए, तो इसके जवाब में परिवहन मंत्री ने जानकारी देते कहा कि प्रदेश में 2014 में बसों की स्वीकृत संख्या 4500 थी।

अब वर्ष 2023 में 5300 है। 2014 से 2023 तक विभाग ने 3270 नई बसें खरीदी गईं। 3418 बसें नाकारा घोषित की गई हैं। अकतूबर 2023 में 3129 स्वामित्व वाली चालू हालत की व किलोमीटर स्कीम के तहत 562 बसें प्रदेश में चल रही हैं। विधायक वरुण चौधरी ने प्रदेश में बसों की 2014 से 2023 तक बसों की स्वीकृत संख्या के साथ 2014 तक खरीदी गई एवं अनुपयोगी घोषित की गई बसों की वर्षवार संख्या व 2014 से अब तक चालू हालत की बसों की वर्षवार संख्या, महिलाओं के लिए गुलाबी रंग की बसों की संख्या और इनको महिलाओं के लिए न चलाने के कारण तथा बसों की कार्य जीवन अवधि 8 वर्ष से 15 वर्ष करने का औचित्य व नई बसों की खरीद में देरी के कारण को लेकर सदन में जानकारी मांगी थी।

## एड्स के खिलाफ जागरुकता रैली निकाली

- गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला




**अंबाला।** एड्स के खिलाफ जागरूक रैली निकालते कॉलेज छात्र। फोटो : हरिभूमि

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शनिवार को एड्स जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दत्त ने रैली को हरी झंडी देते हुए अपने संबोधन में कहा कि किसी भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए जागरूकता का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सबकी यह संयुक्त जिम्मेदारी है कि एड्स जैसी बीमारी के प्रति हम स्वयं जागरूक हो और समाज को इसके प्रति जागरूक करें ।जब एक समाज स्वस्थ और स्वच्छ होगा ,तभी समाज में विकास और समृद्धि के नूतन आयाम स्थापित होंगे । एक सभ्य तथा आदर्श समाज की स्थापना संभव हो पाएगी। इसी श्रृंखला में डॉ. एसएस नैन ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि राजनीतिक विज्ञान विभाग इस प्रकार की जागरूकता से संबंधित अनेकों ऐसी गतिविधियां आयोजित करता रहता है जिससे समाज में एक नवीन और सर्जनात्मक सोच उत्पन्न हो।

लोग अपने सभी उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति करते रहे ।किसी भी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए यह आवश्यक होता है कि उसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए ,जिससे एक विकासवादी समाज निर्मित हो सके। इस रैली को राजनीतिक विज्ञान विभाग ,एनसीसी के विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से भाग लेकर सफल बनाया और लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला ,डॉ. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह उपस्थित रहे ।

## जिले को निपुण बनाने के उद्देश्य से डीईईओ अपने स्तर पर करेंगे मॉनिटरिंग

# एक साथ 478 सरकारी स्कूलों में होगी मेगा मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला




**अंबाला।** निपुण भारत का चार्ट व जानकारी देते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

जिले को निपुण बनाने के लिए 18-19 दिसंबर को सभी 478 प्राथमिक स्कूलों की मेगा मॉनिटरिंग एक साथ होने जा रही है। इसके लिए ड्रैड्यूल बनाकर खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ सीआरसी मुखियाओं, एबीआरसी और बीआरपी के कुल 167 मॉनिटरिंग अधिकारियों को भी सूचित किया है। जिले को निपुण बनाने के उद्देश्य से मेगा मॉनिटरिंग केवल डीईईओ द्वारा स्वयं अपने स्तर पर करवाई जा रही है। मेगा मॉनिटरिंग अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि प्रत्येक मॉनिटरिंग अधिकारी को एक गूगल फॉर्म उपलब्ध करवाया जाएगा। इस पर प्रत्येक मॉनिटरिंग अधिकारी अपनी रिपोर्ट अंकित करेगा। प्रत्येक अधिकारी को मॉनिटरिंग के लिए उसे दिए गए स्कूल में अनिवार्य रूप से दूसरी और तीसरी कक्षा का दौरा करना होगा। प्रत्येक कक्षा में तीन-तीन बच्चों से गूगल फॉर्म में दिए गए हिंदी विषय के छह प्रश्न और गणित विषय के चार प्रश्न यानि कुल दस प्रश्न पूछे जाएंगे। गूगल फॉर्म में उन्हें इस बात की भी जानकारी देनी होगी कि मिड डे मील के माध्यम से बच्चों को बेहतर पोषण देने के उद्देश्य से विद्यालय में न्यूट्रीशन गार्डन बनाया गया है या नहीं। इस कालड़ा ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन, भारत सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके तहत शिक्षा विभाग ने सत्र 31 मार्च 2025 तक राज्य को शत-प्रतिशत निपुण बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान सत्र 2023-24 के अंत तक यह लक्ष्य 55 प्रतिशत का रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कक्षा एक से तीन में एफएलएन यानि मूलभूत भाषा एवं गणना ज्ञान कार्यक्रम लागू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जहां अध्यापकों को ट्रेनिंग और बच्चों को वर्क बुक प्रदान की गई है वहीं कक्षा-कक्षों को प्रिंट रिच और टीएलएम से सुसज्जित भी किया गया है। सभी प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की दक्षताओं में कितना सुधार हुआ है यही सब जानने के लिए इस मेगा मॉनिटरिंग के कार्यक्रम को रखा गया है। उन्होंने बताया कि निपुण भारत मिशन में केवल हिंदी तथा गणित विषयों को ही शामिल किया गया है इसलिए मेगा मॉनिटरिंग में फिलहाल यही दोनों विषय रखे गए हैं। विशेष बात यह है कि जिले को निपुण जिला बनाने के उद्देश्य से यह मेगा मोनिटरिंग केवल डीईईओ द्वारा स्वयं अपने स्तर पर करवाई जा रही है। इस मेगा मोनिटरिंग को सफल बनाने के लिए जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005